तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 6.6 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार, 15 फरवरी 2025

11 कुवि: दीक्षांत समारोह 18 को, 2959 विद्यार्थियों ...



12 पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार एक के पैर में ...





## खबर संक्षेप



### नौकरी अर्जित करने को संचार कौशल जरूरी

**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज के प्लेसमेंट सेल की ओर से छात्राओं के लिए प्लेसमेंट ड्राइव कम एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। जिसमें गुरूग्राम स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ फाइनेंस बैंकिंग एंड इश्योरेंस के एचआर नरेश कुमार ने छात्राओं का साक्षात्कार लिया। चयनित छात्राओं को एचडीएफसी बैंक में नौकरी प्रदान की जाएगी। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. मीनू जैन व प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. सुरिंद्र कौर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

### 16 ग्राम हेरोइन के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**यमुनानगर।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गुलाब नगर फ्लाईओवर के पास से 16 ग्राम हेरोइन के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पकड़ी गई हेरोइन की कीमत 64 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सेल के इंचार्ज जसविंद्र सिंह ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी।

### मकान बेचने का झांसा देकर ठगे सात लाख

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने मकान बेचने का झांसा देकर राय पुरान गली जगाधरी निवासी विधवा महिला से सात लाख 80 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राय पुरान गली जगाधरी निवासी बीरा रानी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ साल पहले उसके पति की मौत हो गई।

### लालच देकर महिला से ठगे 35 लाख 33 हजार

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने एप द्वारा पैसे इंवेस्टमेंट करवा अधिक लाभ कमाने का लालच देकर प्रोफेसर कॉलोनी निवासी लाल देवी ग्रोवर से 35 लाख 33 हजार रुपये ठग लिए। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी।

### दो युवकों पर रॉड और गंडासी से हमला

**यमुनानगर।** साढौरा के जैन मंदिर के पास कहासुनी होने पर आधा दर्जन से अधिक युवकों ने दो अन्य युवकों पर रॉड व गंडासी से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। दोनों घायल युवकों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले में आरोपी युवकों को नामजद करते हुए आधा दर्जन अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### जयधरी से खैर के आठ पेड़ काटकर किए चोरी

**यमुनानगर।** गांव जयधरी से खैर के आठ पेड़ काटकर चोरी कर लिए गए। आरोप गाव ताहरपुर कलां निवासी अक्षय, अरमान व असलम पर लगा है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दादूपुर बीट के वन रक्षक इंचार्ज योगेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव जयधरी में खैर के पेड़ लगे हुए हैं।

### अलग-अलग हादसों में तीन लोगों की मौत

**यमुनानगर।** जिले में शुक्रवार को डंपर का कहर देखने को मिला। डंपर की टक्कर लगने से बाइक व एक्टिवा सवार दो भाईयों समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि एक महिला घायल हो गई। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात डंपर चालकों के खिलाफ केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी। गांव सफीलपुर निवासी विश्वजीत ने पुलिस से की दुर्घना की शिकायत।

# किसी ने भेंट किया फूल तो किसी ने करवाया अपनी वेलेंटाइन को मनपसंद लंच

## कई युवाओं ने वेलेंटाइन के साथ मंदिरों में टेका माथा और प्रभु से की एक दूसरे के साथ जीवन भर रहने की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

वेलेंटाइन-डे पर प्रशासन द्वारा किए गए कड़े इंतजामों के बावजूद शुक्रवार को युवाओं ने बड़े उत्साह से इस दिवस को मनाया। इस दौरान अधिकांश युवाओं ने अपनी वेलेंटाइन को फूल भेंट कर प्यार का इजहार किया। खास बात यह रही कि इस दौरान कई युवा जोड़ों ने होटलों में लंच किया तो किसी ने धार्मिक स्थानों पर जाकर माथा टेककर एक दूसरे की लंबी उम्र और सुख शांति की कामना की। वहीं, युवा जोड़े होटलों में चाय की चुस्की लगाते भी देखे गए।

### प्रशासन ने किए थे कड़े इंतजाम

शुक्रवार को वेलेंटाइन-डे के अवसर पर प्रशासन द्वारा दिन भर पार्कों समेत अन्य स्थलों पर कड़ी नजर रखी गई। मगर इसके बावजूद युवा प्रेमियों ने फूल विक्रेताओं से फूल खरीदे और पुलिस की नजर से बचकर अपनी वेलेंटाइन को फूल भेंटकर अपने प्रेम का इजहार किया। कई युवा प्रेमियों ने होटलों में चाय व

- महंगे गिफ्ट भेंटकर भी कुछ युवाओं ने अपनी वेलेंटाइन को खुश करने का किया प्रयास
- प्रशासन के कड़े इंतजामों के बावजूद प्रेमियों ने उत्साह से मनाया वेलेंटाइन-डे

नाश्ता और लंच आदि करके अपनी वेलेंटाइन के साथ काफी समय बिताया। हालांकि पुलिस ने दिन भर युवाओं पर कड़ी नजर रखी। मगर अधिकांश युवा अपना प्यार का इजहार करने में पूरी तरह कामयाब रहे।

### युवा प्रेमियों ने वेलेंटाइन को पाने के लिए मंदिरों में टेका माथा

वेलेंटाइन-डे के अवसर पर खास बात यह रही कि अधिकांश प्रेमी जोड़े मंदिरों में भी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पूजा अर्चना की और एक दूसरे के लिए लंबी उम्र, सुख शांति व अपने प्रेम को परवान चढ़ाने के लिए मन्नत मांगी। देवी मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंचे विशाल का कहना था कि उसने अपनी वेलेंटाइन को मंदिर में ही बुलाकर फूल भेंट किया। उसका कहना था कि मंदिर में पहुंचकर उन्होंने पूजा अर्चना की और एक दूसरे के दिल की बात कही। इसी तरह संजय व रोहित ने अपनी वेलेंटाइन को मिलने के लिए भाटली के शिव मंदिर में बुलाया और उन्होंने अपनी-अपनी वेलेंटाइन को गुलाब का फूल भेंट किया। उधर, वेलेंटाइन-डे पर फूल विक्रेताओं ने भी अच्छे दामों पर फूल बेचकर अच्छा खासा मुनाफा कमाया।



**यमुनानगर।** वेलेंटाइन-डे के अवसर दुकानदार द्वारा अपनी दुकान पर आकर्षक रुप से सजाए गए विभिन्न प्रकार के फूल। *फोटो : हरिभूमि*

## जिले में विभिन्न स्थानों पर आयोजित हुए श्रद्धांजलि कार्यक्रम

# पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिले में शुक्रवार को विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर पुलवामा हमले में शहीद हुए 44 जवानों को श्रद्धांजलि दी। मौके पर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया।

### आप पार्टी ने पुष्प अर्पित कर पुलवामा के शहीदों को किया नमन

मंगलवार सुबह आम आदमी पार्टी यमुनानगर के कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय में एकत्रित हुए। उन्होंने पुलवामा हमले के शहीदों को पुष्प अर्पित कर नमन किया। मौके पर आप कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण किया। पार्टी के यमुनानगर विधानसभा के प्रत्याशी रहे एवं अंबाला लोकसभा क्षेत्र के ज्वांइट सेक्रेटरी ललित त्यागी ने कहा कि आज ही के दिन 14 फरवरी 2019 को सीआरपीएफ की बस पर आत्मघाती हमले में हमारे 44 जवान शहीद हो गए थे। जिनकी याद में आम आदमी पार्टी ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि जवानों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। त्यागी ने कहा कि जो कौमे शहीदों को भूल जाती हैं वह कभी तरक्की नहीं कर सकती हैं। हमें अपने शहीदों को कोटी कोटी नमन करना चाहिए। जिन्होंने देश की खातिर बलिदान देकर मातृभूमि की रक्षा की।



**यमुनानगर।** दीप व मोमबत्तियां जलाकर शहीदों को नमन करते हुए आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

### शहीदों की याद में जलाए गए दीप

इंकलाब मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में गुमथला राव स्थित इंकलाब मंदिर में शुक्रवार को एक दीप शहीदों के नाम श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें वर्ष 2019 में पुलवामा अटैक में शहीद हुए वीर सैनिकों की याद में दीप जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी और नमन किया। मौके पर इंकलाब मंदिर संस्थापक एडवोकेट वरयाम सिंह ने कहा कि करीब छह वर्ष पहले आज ही के दिन देश के पुलवामा में सैनिकों पर एक बड़ा आतंकवादी हमला हुआ था। जिसमें काफी सैनिक शहीद हो गए थे। वहीं आज ही के दिन 1931 में अंग्रेजी हकुमत की ओर से शहीद भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव को फांसी की सजा दिए जाने का ऐलान किया गया था। यह दिन देश के इतिहास में काले दिवस के समान है। लेकिन देश के कुछ युवा आज के दिन को पश्चिमी सभ्यता के अनुसार प्यार के दिन के रूप में मनाते हैं। जो कि उचित नहीं है। जिस दिन देश के वीरो को फांसी की सजा सुनाई गई हो और दर्जनो सैनिक शहीद हुए तो तो वह दिन हमारे लिए उत्साह का कैसे हो सकता है। इसलिए हमें आज के लिए शहीदों को याद करना चाहिए क्योंकि उन्हीं की बदौलत आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं।

### राष्ट्रीय जन चेतना मंच ने मनाया बलिदान दिवस

राष्ट्रीय जन चेतना मंच द्वारा शहर के कैंप में कार्यक्रम आयोजित कर पुलवामा हमले में हुए शहीदों को पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। मौके पर मंच के सदस्यों ने शहीदों की याद में दीप व मोमबत्तियां जलाकर शहीदों को नमन किया।कार्यक्रम के तहत संगठन से जुडेÞ लोगों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर मंच के राजबीर, सुखजीत सिंह, जयपाल, महेंद्र आदि ने दो मिनट का मौन रखा और शहीदों को पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

# पंजाब नेशनल बैंक ने दिया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

पंजाब नेशनल बैंक द्वारा शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बैंक के सहायक महाप्रबंधक रवि रंजन उपस्थित हुए। इस दौरान बैंक द्वारा पंजाब नेशनल बैंक पेंशनर्स एंड रिटायरीज एसोसिएशन के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। बैंक के सहायक महाप्रबंधक रवि रंजन ने कहा कि यमुनानगर रिटायर्ड एसोसिएशन सदा सक्रिय भूमिका में रहती है। समय समय पर बैंक को अपना कीमती सहयोग व सुझाव देती रहती है। यह एसोसिएशन अपने रिटायर्ड साथियों के हर प्रकार के बैंक से संबंधित सभी कार्य करवाती है। इससे शाखा प्रबंधको का भी काम आसान हो जाता है और अनावश्यक शिकायतों से बचा जाता है। उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के लिए पंजाब नेशनल बैंक ने केंद्रीय संगठन सचिव आरके वोहरा, प्रेसिडेंट चमन लाल, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनिल प्रासर, वाइस प्रेसिडेंट एसपी कांबोज, पैटर्न एलएस श्रेवाल, एक्जीक्यूटिव बॉडी के सदस्य तीर्थ सिंह बिष्ट को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिला अग्रणी प्रबंधक प्रवीण अजमानी, डिप्टी सर्कल हेड कंवर दिलबाग सिंह अग्रवाल, मुख्य प्रबंधक राजन सिंह रावत, संजीव सूरी आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारी रिटायरीज एसोसिएशन के पदाधिकारियों को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# एलएलडी गोल्ड मेडलिस्ट मानद डॉक्टरेट उपाधि से विभूषित होंगे डॉ.सौरभ आर्य

- गोवा में 9 मार्च को होगा कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

साऊथ वेस्टर्न अमेरिकन यूनिवर्सिटी यूएसए की ओर से सत्यार्थ ग्रुप ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर्य रत्न डॉ.सौरभ आर्य को एलएलडी गोल्ड मेडलिस्ट मानद डॉक्टरेट उपाधि से विभूषित किया जाएगा। ग्लोबल एचीवर काउंसिल की नेशनल चीफ सेक्रेटरी एवं कन्वोकेशन इवेंट सेक्रेटरी डॉ.एसए लीलावती ने बताया कि आगामी 9 मार्च को गोवा में साऊथ वेस्टर्न अमेरिकन यूनिवर्सिटी यूएसए द्वारा काउंसिल के सहयोग से अंतरराष्ट्रीयशिखर सम्मेलन व अंतरराष्ट्रीय दीक्षांत समारोह आयोजित किया जा रहा है। जिसमें चयनित विश्व विख्यात महान विभूतियों में वाइस चांसलर, शिक्षाविद्, ऑथर्स, एडिटर्स, राइटर्स, डॉक्टर्स, मोटिवेशनल स्पीकर्स, सोशल साइंटिस्ट व वर्क्स अन्य आमंत्रित अतिथि के रूप में सहभागिता एवं प्रतिनिधित्व करेंगे। इंटरनेशनल इवेंट में आर्य रत्न डॉ.सौरभ का चयन गेस्ट आफ ऑनर एवं चीफ स्पीकर के रूप में किया गया है। अंतरराष्ट्रीय महासम्मेलन में ग्लोबल एचीवर काउंसिल की अनुशंसा पर साऊथ वेस्टर्न अमेरिकन यूनिवर्सिटी यूएसए की ओर से स्वर्णिम श्रेणी में एलएलडी गोल्ड मेडलिस्ट मानद डॉक्टरेट उपाधि से विभूषित किया जाएगा।



# रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य नहीं

- चैनल यूथ क्लब द्वारा आयोजित शिविर में 21 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

चैलेंज यूथ क्लब द्वारा ओरेन इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान फ्रांस से आए विश्व हिदू परिषद के अध्यक्ष एवं समाजसेवी ललित शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया। मौके पर 21 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ललित शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है और रक्त देने से शरीर पर इसका कोई विपरीत असर नहीं पड़ता है। हर स्वस्थ व्यक्ति को हर तीन महीने बाद रक्त जरूर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब वह कॉलेज में पढ़ते थे तो रक्तदान करने के समय परिजन भी मना करते थे लेकिन आज जागरूकता के बाद रक्त देने वालों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने संस्था को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। क्लब से जुड़े सदस्य दविंद्र मेहता ने कहा कि जिन उद्देश्यों को लेकर ट्रस्ट की स्थापना की गई थी आज उस उद्देश्य की पूर्ति की जा रही है। कोरोनाकाल में जब पॉजिटिव होने पर घर परिवार के लोग भी दूरी बनाकर रखे हुए थे ऐसे में क्लब द्वारा ईएसआई हॉस्पिटल में दाखिल मरीजों को फल व जूस उपलब्ध करवाने का काम किया गया।




**यमुनानगर।** रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाते अतिथि।

# नगर निगम ने 14 दिन में साफ किया शहर

- सी एंड डी वेस्ट मैनेजमेंट के लिए नगर निगम ने तीन जोन बनाकर तैयार की हुई है टीमें
- नगर निगम ने हर वार्ड में अभियान चलाकर उठाया शहर में जमा कंक्रीट मलबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

नगर निगम ने अभियान चलाकर 14 दिन में ट्विनसिटी से 698.7 टन सी एंड डी वेस्ट अर्थात निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट का उठान किया है। निगम द्वारा यह अपशिष्ट नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों की गलियों, सड़कों व अन्य सार्वजनिक स्थानों से उठाकर डिस्पोज किया है। इसके लिए आयुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर नगर निगम के तीन जोन बनाकर वार्ड वाइज कनिष्ठ अभियंताओं के नंबर सार्वजनिक किए थे। कनिष्ठ अभियंताओं द्वारा फोन कॉल और वार्डों का दौरा कर निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट का उठान किया। नगर निगम क्षेत्र से सी एंड डी वेस्ट उठान के लिए नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर तीन जोन बनाए गए है। 28 जनवरी को निगम आयुक्त द्वारा सी एंड डी वेस्ट उठान के लिए हर वार्ड के कनिष्ठ अभियंताओं के नंबर सार्वजनिक किए थे। वहीं निगम आयुक्त ने सभी निगम अभियंता व कनिष्ठ अभियंताओं को वार्डों का दौरा कर सी एंड डी वेस्ट उठान के निर्देश दिए थे।



**यमुनानगर।** कंक्रीट मलबे का उठान करते निगम कर्मी। *फोटो : हरिभूमि*

### क्या कहते हैं नगर निगम आयुक्त

नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र से कंक्रीट मलबा उठाने का कार्य प्रगति पर है। अब तक हम लगभग सात सौ टन सी एंड डी वेस्ट का उठान कर चुके हैं। शहरवासी अपने आसपास पड़े मलबे की फोटो खींचकर वार्ड वाइज सार्वजनिक किए नंबरों पर लोकेशन या पते समेत भेज सकते है। साथ ही सार्वजनिक किए नंबरों पर फोन कर मलबे की सूचना देकर उसका उठान करवा सकते है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे शहर को सुंदर, साफ व स्वच्छ बनाने में निगम का सहयोग करें। खुले में गंदगी न फैलाए।




### माता-पिता के सम्मान में बच्चों ने दी प्रस्तुतियां

**रादौर।** लाइक पब्लिक स्कूल छोटाबांस में शुक्रवार को मातृ-पितृ दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों के अभिभावकों ने भाग लिया। मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने माता-पिता के प्रति अपनी अभिव्यक्तियां प्रस्तुत की। स्कूल की प्रिंसीपल ने कहा कि आज पाश्चात्य संस्कृति के वश में होकर आज का युवा उसका गुलाम होता जा रहा है और अपनी संस्कृति को भूलता जा रहा है। ऐसे में यदि स्कूल स्तर पर ही बच्चों को अपनी संस्कृति से जोड़ा जा सके तो यही बच्चे आने वाले कल में भारतीय संस्कृति को बचा कर रख सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों ने भी अपने-अपने अंदाज में प्रस्तुतियां दी। वहीं बच्चों ने अपने माता-पिता के सम्मान में कई शानदार झलकियां प्रस्तुत कर सभी को झकजोर कर रख दिया। प्रस्तुतियों में दर्शाया गया कि मिलने को तो हजारों लोग मिल जाते हैं परंतु हजारों गलतियां माफ करने वाले माँ बाप कभी नहीं मिलते। माता-पिता हमारे जीवन के पहले गुरु होते हैं जो हमें सही और गलत के बीच अंतर करना सिखाते हैं। वे हमारे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ होते हैं, जो हमारा पालन-पोषण करते हैं। हमें सुरक्षा प्रदान करते हैं और हर कदम पर हमारा सहारा बनते हैं।

## विज्ञान प्रश्नोत्तरी एवं संगोष्ठी के विजेताओं को किया गया सम्मानित

# न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में विजेता सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल यमुनानगर में शुक्रवार को विजेता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं विज्ञान संगोष्ठी के विजेताओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए और उनकी मेहनत की सराहना की। प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें कक्षा 1 से 9 तक के छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इस प्रतियोगिता के तीन राउंड आयोजित किए गए। सामान्य ज्ञान राउंड जिसमें विज्ञान से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य एवं अवधारणाओं से जुड़े प्रश्न पूछे गए। दृश्य आधारित प्रश्न राउंड जिसमें छात्रों को चित्रों और वैज्ञानिक प्रयोगों से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देना था। बजर राउंड जिसमें सबसे तेज उत्तर देने वाली टीम को अतिरिक्त अंक मिले। तीनों राउंड के कुल अंकों के आधार पर प्रत्येक कक्षा की विजेता टीमों को चुना गया। कक्षा पांच के आराध्या, तीर्थ, श्रेया ने प्रथम, सोनाक्षी, कार्तिक व ललन ने द्वितीय व काव्या, रितिक व नीरव ने तृतीय स्थान हासिल किया।



**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में विजेता बच्चे ट्राफी के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

### यह रहे विजेता

कक्षा एक के तनय, अवन्या व जैसमीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वियान, निहारिका व ध्रूव ने द्वितीय तथा अदिति, एकांश, समर्थ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दो के विवान, शनाया व नक्षिता ने प्रथम। श्रेयस, मनराज सिंह व भूमिका ने द्वितीय तथा तेजस, मनवीर सिंह व भवनीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा तीन के तन्वी, हार्दिक, आर्यन मीना ने प्रथम, युवराज, नव्या, तेजेश्वर ने द्वितीय व गौतम, वैष्णवी तथा शिवांश सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा चार के शिवांश, हरमन, आरोही ने प्रथम, नमन, माही, शुभम ने द्वितीय तथा केशव, पीयूष सोनी व मिताली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप

### समाधान शिविर में सात समस्याएं आई

**नारायणगढ़।** समाधान शिविर में बीडीपीओ जोगेश कुमार ने समस्याएं सुनी और सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। बीडीपीओं जोगेश कुमार ने कहा कि उपमण्डल स्तर पर प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 से 12 बजे तक लघु सचिवालय के कान्फ्रेस हॉल में समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। शुक्रवार को आयोजित समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से सम्बंधित 7 समस्याएं आई। सभी समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया।



### हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी रजत कुमार को गिरफ्तार किया है। उसे तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। रमेश कुमार ने 13 दिसंबर 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 30 मई 2024 से 1 जून 2024 के दौरान आरोपी अंकित कुमार उर्फ चौटाला ने उसके पुत्र की हत्या कर दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी राजिंद्र उर्फ मद्रासी को गिरफ्तार किया है। राजा पार्क के रहने वाले हिमांशु सिंह ने 11 अक्तूबर 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 9 अक्तूबर 2024 को एसडी कॉलेज से किसी ने ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### दो आरोपियों को किया शामिल जांच

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज लड़ाई-झगड़े के मामले में पुलिस ने आरोपी मंयक कुमार व आशीष को शामिल जांच क किया है। शिकायतकर्ता तरूण ने 15 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 23 नवंबर 2024 को आरोपी रजत, शुभम व अन्य ने उससे तथा उसके मित्र से लड़ाई झगड़ा कर मारपीट करते हुए उन्हें चोटें पहुंचाई हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### महाशिवरात्रि पर्व 16 को कार्यक्रम

अंबाला। ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय दयाल बाग की राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में खुखरैन भवनमें रविवार 16 फरवरी 2025 को सुबह 10:00 बजे कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें अपने परमपिता शिव परमात्मा से सच्ची, सुख, शांति, प्रेम व आनंद का वरदान लेने के लिए शहर के सभी व्यक्तियों को सादर ईश्वरीय निमंत्रण दिया गया है। कार्यक्रम को मनोरंजक बनाने के लिए पंजाबी गायक ओमप्रकाश द्वारा अपनी आवाज का जादू बिखेरा जाएगा।

# नगरपालिका चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन पत्र, सदस्य के लिए चार उम्मीदवार भी मैदान में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

नगर पालिका के अध्यक्ष व सदस्य पद के चुनाव को लेकर शुक्रवार को चार उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। नगरपालिका अध्यक्ष के लिए कुलदीप, गीतांजलि, ओम प्रकाश शर्मा व बलजीत सिंह ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। एसडीएम अमित भारद्वाज ने बताया कि वार्ड नंबर 5 से सदस्य पद के लिए मीना कुमारी, वार्ड नंबर 11 से राज कुमार, कोमल चौहान व वार्ड नंबर 16 से हरजिंदर कौर ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है।

**खास बातें**

- अभी तक किसी दल के उम्मीदवार ने दाखिल नहीं किया नामांकन
- अगले तीन दिन तक नामांकन पत्र दाखिल करने वालों का लगेगा तांता

**नामांकन भरते हुए उम्मीदवार**



**17 तक नामांकन**

चुनाव के दृष्टिगत 17 फरवरी तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 2 मार्च को मतदान होंगे। इस चुनाव को शांतिपूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां एवं पुख्ता प्रबंध कर दिए गए हैं। चुनाव की आयोग की हिदायतों की अनुपालना करते हुए चुनाव का सफलतापूर्वक आयोजन करवाने के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जा चुके हैं। 18 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उम्मीदवार 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नामांकन वापिस ले सकते हैं। इसी दिन 3 बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिए जाएंगे। 19 फरवरी को ही चुनाव लडने वाले प्रत्याशियों, मतदान केंद्रों की सूचि चस्पा कर दी जाएगी। 2 मार्च को मतदान होगा और 12 मार्च को मतगणना का कार्य किया जाएगा तथा इसी दिन मतगणना का परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

### नप चुनावः वार्ड 6 से एक उम्मीदवार ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**अंबाला।** अंबाला सदर नगर परिषद के चुनाव के लिए शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल करने का सिलसिला शुरू हो गया। वार्ड नंबर 6 से सुखदेव सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत 17 फरवरी तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। 18 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नामांकन वापिस ले सकते हैं। इसी दिन 3 बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिए जाएंगे। 19 फरवरी को ही चुनाव लडने वाले प्रत्याशियों, मतदान केंद्रों की सूचि चस्पा कर दी जाएगी।

### खेल स्पर्धाओं में प्रशासन भी बनेगा हिस्सेदार

**बराड़ा।** गांव जलूबी में चौथे विशाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया किया जा रहा है। टूर्नामेंट के शुरुआती पहले दिन एसडीएम अमित भारद्वाज ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। इस अवसर पर शहीद भगत सिंह युवा संस्था जलुबी के मेंबर्स ने गुलदस्ता व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। एसडीएम ने कहा कि खेलों के प्रति बच्चों को प्रोत्साहित करना चाहिए और सभी को खेलों में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए । खेलों का हमारे जीवन में बहुत ही महत्व है जो शरीर को मजबूत और स्वस्थ बनाता है। इस अवसर पर एसडीएम ने खेलों के प्रति भावना दिखाते हुए बच्चों के साथ हाथ मिलकर ये संदेश दिया कि उपमंडल क्षेत्र में जितने भी खेल कार्यक्रम होंगे उनमें प्रशासन की तरफ से पूरा सहयोग दिया जाएगा।

## बसपा नेता हरबिलास की हत्या के मामले में आरोपियों पर बड़ी कार्रवाई

# पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार पैर में गोली लगने से हुआ जख्मी

- किसी वारदात को अंजाम देने के फिराक में घूम रहे थे बदमाश
- पीछा करने पर बदमाशों ने पुलिस की फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बसपा नेता हरबिलास की हत्या में वांटेड दो बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने काबू कर लिया। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर पर गोली लगी है। उपचार के लिए उसे अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल में रेफर किया है। इस मामले में पुलिस की पहले ही तीन बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो चुकी है। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश की मौत हो चुकी है। इस मामले में अभी पुलिस को मुख्य आरोपी वैकेंट गर्ग की तलाश है। दरअसल पुलिस को सूचना मिली थ कि बसपा नेता हरबिलास रज्जू माजरा की हत्या में संलिप्त रहे दो बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने के फिराक में है। सूचना के बाद पुलिस अलर्ट हो गई। नारायणगढ़ के पास बदमाशों को तलाशने का अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस को देखते हुए पर दो युवकों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस को भी गोली चलानी चलानी पड़ी। फायरिंग के दौरान एक बदमाश शिवम के पैर पर दो गोलियां लगी जिसकी वजह से जख्मी होकर वह मौके गिर गया। इसके बाद पुलिस ने उसके सहयोगी गगन को काबू कर लिया। फायरिंग के दौरान इस बार पुलिस के किसी जवान के जख्मी होने की सूचना नहीं है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किए गए बदमाश गगन और शिवम यूपी के रहने वाले हैं। दोनों बदमाश पिछले कुछ समय से यमुनानगर में छुपे हुए थे। पुलिस को शक है कि ये किसी बड़े गैंग से जुड़े हुए हैं। रिमांड के जरिए पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ करेगी।





**घायल बदमाश को अस्पताल ले जाते**



**सागर का हो चुका है एनकाउंटर**

हरबिलास रज्जूमाजरा की हत्या में शामिल बदमाशों के खिलाफ पुलिस लगातार ठोस कार्रवाई कर रही है। इससे पहले 30 जनवरी को सीआईए-वन की टीम ने हत्याकांड में शामिल राजन और मंगू को गिरफ्तार किया था। गोलियां लगने के कारण दोनों बदमाश जख्मी हो गए थे। मुठभेड़ के दौरान ही दोनों को काबू किया था। 29 जनवरी को एसटीएफ अंबाला और करनाल की टीम ने हरबिलास की हत्या में संलिप्त शूटर सागर का एनकाउंटर किया था। उस दौरान हुए एनकाउंटर में पुलिस के जवान जवान भी बाल बाल बच गए थे।

**24 को हुई थी हत्या**

24 जनवरी को नारायणगढ़ में इनोवा सवार बसपा नेता हरबिलास रज्जूमाजरा व चुन्नू पर बदमाशों ने अचानक फायरिंग कर दी थी। इनोवा में गुगल पंडित भी सवार था। बदमाशों ने पांच गोलियां मारकर हरबिलास की हत्या कर दी थी जबकि चुन्नू बुरी तरह जख्मी हो गया था। जबकि कार में सवार गुगल पंडित को कोई चोट नहीं आई थी। इस मामले में पुलिस गुगल पंडित को भी गिरफ्तार कर चुकी है।



**अंबाला।** नगर निगम कार्यालय में जांच करती सीएम फ्लाइंग की टीम ।

### नगर निगम में सीएम फ्लाइंग की रेड से हड़कंप

# जेई समेत तीन कर्मी गैरहाजिर मिले

- डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के रिकॉर्ड में मिली खामियां, जांच के लिए रिकॉर्ड साथ ले गई टीम, भेजी जाएगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर निगम में शुक्रवार को सीएम फ्लाइंग ने रेड की। रेड के दौरान पुलिस निगम में हड़कम मच गया। सीएम फ्लाइंग का दस्ता सीधे ऑफिस पहुंचा। यहां आते ही जांच टीम ने निगम के हाजिरी रजिस्टर को खंगालना शुरू कर दिया। इस दौरान कई कर्मचारी गैरहाजिर पाए गए। सीएम फ्लाइंग की जांच टीम सुबह 9 बजकर 45 मिनट पर नगर निगम ऑफिस पहुंची थी। इसके बाद जांच टीम ने निगम की विभिन्न ब्रांच में जाकर जांच शुरू की। दस्तावेजों की गहनता से जांच करते हुए कई शाखओं के रिकार्ड को खंगाला गया। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर हितेंद्र गौतम ने बताया कि नगरनिगम कार्यालय में ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों की सूची मांगी गई थी। यहां निगम कार्यालय के तीन कर्मचारी गैर हाजिर पाए गए। इनमें डाटा एंट्री ऑप्रेटर कृष्ण शोभा जेई अजय व रोहित शामिल थे। तत्पश्चात डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के रिकार्ड रूम में दस्तावेजों की जांच की गई। डोर-टू-डोर सर्विस में लगाए गए संसाधनों, कर्मचारियों की सूची, ठेकेदार द्वारा किए गए कार्यों को गहनता पूर्वक जांचा गया। इस दौरान सीएम फ्लाइंग ने डोर-टू-डोर सर्विस से संबंधित ठेकेदार का पूरा ब्यौरा मांगा। अशंका यह भी जताई जा रही है कि ठेकेदार के कार्यों में गंभीर खामियां मिली हैं। जांच के लिए सीएम फ्लाइंग डोर टू डोर सर्विस से जुड़ा अहम रिकॉर्ड जांच के लिए अपने साथ ले गई। रिर्पोट सरकार को भेजी जाएगी।

**उजागर हो सकता है घोटाला**

सीएम फ्लाइंग को डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के मामले में गंभीर शिकायतें मिली थी। इसी आधार पर जांच टीम ने इस सर्विस से जुड़ा पूरा रिकॉर्ड खंगाला है। जांच के दौरान भी सीएम फ्लाइंग को रिकॉर्ड में गंभीर खामियां मिली हैं।

# रंगारंग कार्यक्रमों में छात्राओं ने दिखाया जलवा, दर्शकों ने जमकर बजाई तालियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

- राजकीय महिला कॉलेज में बसंतोत्सव समारोह का आयोजन

राजकीय महिला महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित वार्षिक संगीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम बसंतोत्सव धूमधाम से मनाया गया।जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी डॉ. खुशीला ने कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर शिरकत करते हुए सभी प्रतिभागियों की सराहना की। सांस्कृतिक समिति के संयोजक डॉ. पंकज कुमार के मार्गदर्शन में छात्राओं ने नृत्य, गायन, मिमिक्री, रंगोली बनाना आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मिमीक्री में महक प्रथम, सिमरन द्वितीय और पायल तृतीय स्थान पर रही। दर्शकों द्वारा डांस प्रतियोगिता को सबसे अधिक पसंद किया गया। सोलो डांस में भावना प्रथम, बरखा द्वितीय और हिमांशी तृतीय स्थान पर रही। ग्रुप डांस में रितिका, हिमांशी और बरखा की टीम ने बाजी मारी जबकि महक और वंदना की जोड़ी दूसरे व आयुषी, महक, वंदना, अंजलि, सिमरन, कणिका की टीम तीसरे स्थान पर रही। रंगोली मेकिंग में सिमरन, शिवानी और मीनाक्षी तथा सिमरन क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही। गायन प्रतियोगिता में शिवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि बरखा व पल्लवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।




# अंबाला सेंट्रल जेल और वीटा मिल्क प्लांट को शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू

### डीसी ने जेल व प्लांट अधिकारियों को जमीन तलाशने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला सेंट्रल जेल व वीटा मिल्क प्लांट को शहर से बाहर शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू हो गई। इसको लेकर शुक्रवार को डीसी अजय सिंह तोमर ने अपने कार्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की एक बैठक बुलाई थी। इसमें अंबाला सेंट्रल जेल के साथ वीटा मिल्क प्लांट को स्थानांतरित करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। अंबाला शहर क्षेत्र के आस पास इन दोनों कार्यों के लिए जगह तलाशने के निर्देश दिए गए। बता दें कि अंबाला सेंट्रल जेल व वीटा मिल्क प्लांट शहर के बीचों-बीच है। इनके लिए अब अंबाला शहर के साथ लगते क्षेत्र में अ नई बिल्डिंग बनाने के लिए विचार किया जा रहा है। उपायुक्त ने जेल अधीक्षक से मौजूदा सेंट्रल जेल की वास्तविक स्थिति के साथ-साथ उन्हें नई जेल स्थापित करने को लेकर बातचीत हुई। इसके बाद उपायुक्त ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अंबाला शहर नजदीक यदि प्राधिकरण की कोई भूमि खाली है उसका जेल अधिकारियों के साथ मुआयना करें। तमाम औपचारिकताएं पूरी करने के बाद जेल अधीक्षक प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय भिजवाएं ताकि इस विषय को लेकर आगामी कार्रवाई हो सके। इसी प्रकार उन्होंने वीटा मिल्क प्लांट से अधिकारी से भी बातचीत की। उन्होंने जिला राजस्व अधिकारी को निर्देश दिए कि वह अंबाला शहर के नजदीक इस कार्य के लिए जो भूमि चिह्नित की जा सकती है उसका सर्वे करवाते हुए उसका बाजारी मूल्य आंकलन करते हुए वीटा मिल्क प्लांट के साथ समन्वय बनाकर उसका प्रस्ताव तैयार करके मुख्यालय भिजवाएं ताकि इस विषय को लेकर भी जो कार्य किए जाने है उसे किया जा सके। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रहमजीत, जेल अधीक्षक सतवीर गोदारा, एसडीएम दर्शन कुमार, नगराधीश अभिषेक गर्ग, डीआरओ, वीटा मिल्क प्लांट से राकेश कुमार, तहसीलदार आदित्य के साथ-साथ कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



जेल व वीटा मिल्क प्लांट के लिए जमीन का नक्शा देखते उपायुक्त।

**योजना** पूर्व विधायक ने कई गांवों में विकास योजनाओं का किया उद्घाटन

### वर्तमान सरकार गांवों के विकास को दे रही प्राथमिकता

# नाले-नालियों व सड़कों के साथ कई चौपालों के निर्माण का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इन कार्यों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। उद्घाटन समारोह में ग्रामवासियों, ग्रामपंचायत जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान सरकार गांवों के विकास को प्राथमिकता दे रही है। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की जा रही हैं। हर गांव को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। सैनी ने गांव फतेहगढ़ में एक साथ कई विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इन कार्यों में सार्वजनिक स्थानों पर लोहे के शैड का निर्माण, इंटरलॉकिंग गलियों में नालों की मरम्मत, हर्बल पार्क का निर्माण, बीसी और एससी चौपालों का निर्माण, गांव के नाले और मुख्य सड़क की गली के निर्माण कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह सभी कार्य ग्रामवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए किए गए हैं। हर्बल पार्क के निर्माण से ग्रामीणों को एक स्वच्छ और हरित वातावरण मिलेगा। नालों और सडक़ों की मरम्मत से जलभराव और गंदगी की समस्या का समाधान होगा। उन्होंने इसके बाद गांव गाजीपुर में भी दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं में शिव मंदिर के पास एक धर्मशाला का निर्माण और श्मशान घाट के पास नलकूप का उद्घाटन किया। सैनी ने गांव खेड़ा गनी में नए पब्लिक हेल्थ ट्यूबवेल का उद्घाटन किया। इस ट्यूबवेल के चालू होने से गांववासियों को स्वच्छ और निरंतर जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी।



**शहजादपुर।** विकास योजनाओं का उद्घाटन करते पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी व अन्य।

# खंड स्तरीय गणित प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**बराड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोकलगढ़ में शुक्रवार को खंड स्तरीय गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार और डायट लेक्चरर मनु अब्रॉल ने मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित कर किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आगे भी ऐसे आयोजनों में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता में साहा ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने चारों कैटेगरी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लेक्चरर मनु अब्रॉल ने भी प्रतियोगिता का निरीक्षण किया।



छात्रों की प्रतिभा की सराहना की। प्रधानाचार्या अपर्णा कौशिक ने सभी प्रतिभागियों, अध्यापकों, जजों एवं रजिस्ट्रेशन टीम का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका मोनिका, सुनीता जस्सल, अंकिता रानी, सज्जन कुमार, अनीता, पूजा, शिवराम एवं शीतल माकन ने निभाई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005